# अभ्यास प्रश्न पत्र 2

## कक्षा 10

## सामाजिक विज्ञान

समय 3 घण्टा                                                                 पूर्णांक 80

1. यह प्रश्न पत्र पाँच खण्डों में विभाजित है– खण्ड क, खण्ड ख, खण्ड ग, खण्ड घ खण्ड ङ ।
2. इस प्रश्न पत्र में कुल 32 प्रश्न हैं।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध है। उनमें में से किसी एक प्रश्न को ही करें।
4. प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक लिखे हुए हैं।
5. प्रश्न संख्या 1 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है।
6. प्रश्न संख्या 17 से 22, प्रत्येक 3 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
7. प्रश्न संख्या 23 से 26, स्रोत आधारित प्रश्न प्रत्येक 4 अंकों के हैं।
8. प्रश्न संख्या 27 से 31, प्रत्येक 5 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
9. प्रश्न संख्या 32 एक मानचित्र आधारित प्रश्न (5 अंकों का) है, जिसके दो भाग–32 A इतिहास (2 अंक) और 32 B भूगोल(3 अंक) हैं।
10. मानचित्र आधारित प्रश्न प्रश्न संख्या 32 एवं कुछ चित्र आधारित प्रश्नों के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

## खण्ड क

प्र.1 श्रीमान जय एक काल्पनिक देश पालमपुर के निवासी हैं। वह एक विकसित देश है। निम्नलिखित में से कौन–सी एक उनके देश की विशेषता है?                1

1. औद्योगिकीकरण की तीव्र रफ्तार व उच्च प्रति व्यक्ति आय
2. उच्च शिशु मृत्यु दर
3. उच्च मानव विकास सूचकांक
4. उच्च सकल घरेलू उत्पाद

    a. सिर्फ 1 सही है।
    b. सिर्फ 2 सही है।
    c. सिर्फ 1,3 व 4 सही हैं।
    d. सभी कथन सत्य हैं।

https://www.evidyarthi.in

प्र.2 बताइए नीचे दिया गया चित्र किसका प्रतीक है? 1



निम्नलिखित प्रश्न, प्रश्न संख्या 2 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है।

टूटी हुई बेड़ियाँ किस चीज का प्रतीक थी?

प्र.3 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। 1

एक वस्तु का अधिकांशतः प्राकृतिक प्रक्रिया से उत्पादन............... क्षेत्रक की गतिविधि है। (प्राथमिक / द्वितीयक / तृतीयक)

प्र.4 सत्य व असत्य बताइए। 1

बेल्जियम में डच भाषी लोग बहुसंख्यक थे।

प्र.5 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

**संकल्पना** (स): भारत में सत्ता का विकेन्द्रीकरण है।

**कारण** (क): 1992 के संविधान संशोधनों के माध्यम से विकेन्द्रीकरण को अधिक मजबूत किया गया है।

विकल्प

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।
B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।
C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।
D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

https://www.evidyarthi.in

प्र.6 सही मिलान का चयन कीजिए। 1

| | |
|---|---|
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | कमल |
| भारतीय जनता पार्टी | हाथ |
| बहुजन समाज पार्टी | हाथी |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी | साइकिल |

प्र.7 निम्नलिखित संकेतों के आधार पर मृदा की पहचान कीजिए। 1

| | | |
|---|---|---|
| रंग– काला | कपास की कृषि के लिए उपयुक्त | आयरन, चूना, एल्युमीनियम व मैग्निशियम की बहुलता |

प्र.8 उदारीकरण शब्द से आप क्या समझते हैं? 1

अथवा

वैश्वीकरण में विश्व व्यापार संगठन की भूमिका को लिखिए।

प्र.9 साख के औपचारिक स्रोतों का निरीक्षण क्यों आवश्यक है? 1

अथवा

गरीबों को बैंको से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई किन कारणों से होता है?

प्र.10 हरित क्रांति को परिभाषित कीजिए। 1

अथवा

श्वेत क्रांति को परिभाषित कीजिए।

प्र.11 नीचे दी गई परिस्थिति का अध्ययन कीजिए और बताइए कि नरेश किस क्षेत्रक में कार्यरत है? 1

| विशेषताएँ | सुविधाएँ |
|---|---|
| नौकरी की सुरक्षा | नहीं |
| स्वास्थ्य सुविधा | नहीं |
| काम के निश्चित घण्टे | नहीं |

प्र.12 राजेश के देश में निम्नलिखित विशेषताएँ हैं। बताइए राजेश लोकतांत्रिक देश में है अथवा अलोकतांत्रिक। 1

| | | |
|---|---|---|
| नागरिकों में समानता को बढ़ावा देता है। | व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा देता है। | त्रुटि–सुधार के पर्याप्त अवसर मिलते हैं। |

https://www.evidyarthi.in

प्र.13 बताइए नीचे दिए गए विषयों पर कानून बनाने का अधिकार किस सरकार के पास है? 1

विवाह, शिक्षा, जंगल

प्र.14 दल – बदल से आप क्या समझते हैं? 1

प्र.15 क्या आप को लगता है कि यदि श्रीलंका में सिंहली की जगह तमिल को राजभाषा बनाया गया होता तो वहाँ जातीय तनाव नहीं होता? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए। 1

प्र.16 मान लीजिए आप भारत में पटसन उद्योग का व्यापार करना चाहतें हैं। व्यवसाय के लिए आप भारत के किस राज्य का चयन करना चाहेंगें? क्यों? 1

# खण्ड ख

प्र.17 "महात्मा गाँधी ने देश को एकजुट करने के लिए 'नमक' को एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में प्रयोग किया।" इस कथन को न्यायोचित ठहराइए। 3

अथवा

'असहयोग आंदोलन' शहरों में धीरे – धीरे मंद क्यों पड़ने लगा? स्पष्ट कीजिए।

प्र.18 'कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है परन्तु फिर भी किसान समृद्ध नहीं है।' कथन की व्याख्या कीजिए। 3

अथवा

भारत के शस्य प्रारूप पर एक नोट लिखिए।

प्र.19 भारत जैसे देश में संसाधनों का विवेकपूर्ण प्रयोग करने के लिए नियोजन एक व्यापक रूप से स्वीकृत रणनीति है। कथन का सत्यापन उचित उदाहरणों के माध्यम से कीजिए। 3

प्र. 20 'कृषि और उद्योग एक दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक दूसरे के पूरक हैं।' स्पष्ट कीजिए। 3

प्र. 21 भारत में विगत कुछ वर्षों में तीनों क्षेत्रकों के क्रियाकलाप में बदलाव आया है परन्तु यह बदलाव समान रूप से रोजगार के क्षेत्र में दृष्टिगोचर नहीं होता। कथन की व्याख्या कीजिए। 3

प्र. 22 'विकास के लक्ष्य भिन्न – भिन्न होते हैं और कभी – कभी ये परस्पर विरोधी भी हो सकते हैं।' उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। 3

# खण्ड ग

## स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

**प्र. 23 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

जब अनेक दल सत्ता के लिए होड़ में हों और दो दलों से ज्यादा के लिए अपने दम पर या दूसरों से गठबंधन करके सत्ता में आने का ठीक-ठाक अवसर हो तो इसे बहुदलीय व्यवस्था कहते हैं। भारत में भी ऐसी ही बहुदलीय व्यवस्था है। इस व्यवस्था में कई दल गठबंधन बनाकर भी सरकार बना सकते हैं। जब

https://www.evidyarthi.in

किसी बहुदलीय व्यवस्था में अनेक पार्टियाँ चुनाव लड़ने और सत्ता में आने के लिए आपस में हाथ मिला लेती हैं तो इसे गठबंधन या मोर्चा कहा जाता है। जैसे, 2004 के संसदीय चुनाव में भारत में ऐसे तीन प्रमुख गठबंधन थे : राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन और वाम मोर्चा। अक्सर बहुदलीय व्यवस्था बहुत घालमेल वाली लगती है और देश को राजनीतिक अस्थिरता की तरफ़ ले जाती है पर इसके साथ ही इस प्रणाली में विभिन्न हितों और विचारों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल जाता है।

a) भारत में निम्नलिखित में से कौन सा गठबंधन फिलहाल अभी केन्द्रीय सत्ता में है? 1

i. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए)
ii. संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए)
iii. वाम मोर्चा
iv. उपरोक्त में से कोई नहीं।

b) गठबंधन सरकार से आप क्या समझते हैं? 1

c) क्या चीन में बहुदलीय व्यवस्था है? 1

d) उपरोक्त गंद्याश का सार अपने शब्दों में लिखिए। 1

**प्र.24 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

एक अमेरिकी कंपनी फोर्ड मोटर्स विश्व के 26 देशों में प्रसार के साथ विश्व की सबसे बड़ी मोटरगाड़ी निर्माता कंपनी है। फोर्ड मोटर्स 1995 में भारत आयी और चेन्नई के निकट 1,700 करोड़ रुपए का निवेश करके एक विशाल संयंत्र की स्थापना की। यह संयंत्र भारत में जीपों एवं ट्रकों के प्रमुख निर्माता महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के सहयोग से स्थापित किया गया। वर्ष 2004 तक फोर्ड मोटर्स भारतीय बाज़ारों में 27,000 कारें बेच रही थी, जबकि 24,000 कारों का निर्यात भारत से दक्षिण अफ्रीका, मेक्सिको और ब्राजील किया गया। कंपनी विश्व के दूसरे देशों में अपने संयंत्रों के लिए फोर्ड इंडिया का विकास पुर्जा आपूर्ति केन्द्र के रूप में करना चाहती है।

a) क्या आप मानते हैं कि फोर्ड मोटर्स एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है? क्यों? 1

b) विदेशी निवेश क्या है? फोर्ड मोटर्स ने भारत में कितना निवेश किया था? 1

c) फोर्ड मोटर्स भारत कब आई? 1

i. 1990
ii. 1991
iii. 1993
iv. 1995

d) भारत में फोर्ड मोटर्स द्वारा कारों के निर्माण से उत्पादन किस प्रकार परस्पर संबंधित होगा?1

https://www.evidyarthi.in

**प्र.25 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

अर्थशास्त्री राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की शब्दावली में सोचने लगे। वे चर्चा करने लगे कि राष्ट्र कैसे विकास कर सकता है और कौन से आर्थिक कदम राष्ट्र को निर्मित करने में मदद दे सकते हैं। जर्मनी के टूबिंजन विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर फ्रइडरीख लिस्ट (Friedrich List) ने 1834 में लिखाः

जॉल्वेराइन का लक्ष्य जर्मन लोगों को आर्थिक रूप में एक राष्ट्र में बाँध देना है। वह राष्ट्र की आर्थिक हालत जितना बाहरी तरह से उसके हितों की रक्षा करके मजबूत बनाएगा, उतना ही आंतरिक उत्पादकता को बढ़ा कर भी। उसे प्रांतीय हितों को आपस में जोड़ कर राष्टीय भावना को जगाना और उठाना चाहिए। जर्मन लोग यह समझ गए हैं कि एक मुक्त आर्थिक व्यवस्था ही राष्ट्रीय भावनाओं के उत्पन्न होने का एकमात्रा जरिया है।

a. जॉल्वेराइन का क्या उद्देश्य था? 1

b. फ्रइडरीख लिस्ट कौन थे? 1

  i. अर्थशास्त्र के प्रोफेसर
  ii. राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर
  iii. समाजशास्त्री
  iv. वैज्ञानिक

c. मुक्त आर्थिक व्यवस्था के महत्व का वर्णन कीजिए। 1

d. राष्ट्र के एकीकरण में अर्थव्यवस्था की भूमिका का वर्णन कीजिए। 1

**प्र. 26 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

राजनीतिक सत्ता का बँटवारा नहीं किया जा सकता – इसी धरणा के विरूद्ध( सत्ता की साझेदारी का विचार सामने आया था। लंबे समय से यही मान्यता चली आ रही थी कि सरकार की सारी शक्तियाँ एक व्यक्ति या किसी खास स्थान पर रहने वाले व्यक्ति–समूह के हाथ में रहनी चाहिए। अगर फैसले लेने की शक्ति बिखर गई तो तुरंत फैसले लेना और उन्हें लागू करना संभव नहीं होगा। लेकिन, लोकतंत्र का एक बुनियादी सिद्धांत है कि जनता ही सारी राजनीतिक शक्ति का स्रोत है। इसमें लोग स्व–शासन की संस्थाओं के माध्यम से अपना शासन चलाते हैं। एक अच्छे लोकतांत्रिक शासन में समाज के विभिन्न समूहों और उनके विचारों को उचित सम्मान दिया जाता है और सार्वजनिक नीतियाँ तय करने में सबकी बातें शामिल होती हैं इसलिए उसी लोकतांत्रिक शासन को अच्छा माना जाता है जिसमें ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को राजनीतिक सत्ता में हिस्सेदार बनाया जाए।

a) भारत में सत्ता का विभाजन कितने स्तर पर होता हैं? 1

  i. एक स्तर पर
  ii. दो स्तर पर
  iii. तीन स्तर पर
  iv. चार स्तर पर

b) सत्ता में साझेदारी का विचार क्यों सामने आया? 1

c) लोकतंत्र में फैसले तुरंत नहीं लिए जा सकते एवं उन्हें प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सकता है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? 1

https://www.evidyarthi.in

d) उपरोक्त गंद्याश का सार अपने शब्दों में लिखिए। 1

# खण्ड घ

प्र.27 'ब्रिटेन में राष्ट्र राज्य का निर्माण एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम था'? चर्चा कीजिए। 5

अथवा

1815 की वियना संधि के प्रमुख उद्देश्यों को बताइए। इसकी प्रमुख विशेषतओं का वर्णन कीजिए।

प्र.28 'देश के विकास के लिए सस्ता एवं सामर्थ्य के अनूकुल ऋण (कर्ज) आवश्यक है।' कथन के समर्थन में उचित तर्क दीजिए। 5

अथवा

"बैंकों में जमा की गई धनराशियाँ जमाकर्त्ता के साथ – साथ राष्ट्र के लिए भी हितकर हैं।" कथन की जाँच कीजिए।

प्र.29 स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान किस प्रकार इतिहास व साहित्य, लोक – कथाओं व गीतों, चित्रों और प्रतीकों के माध्यम से सामूहिक अपनेपन की भावना विकसित हुई? 5

प्र.30 'भारत में विकेन्द्रीकरण ने लोकतंत्र की जड़ों को गहरा करने में सहायता की है।' कथन का मूल्याकंन उदहारणों के साथ कीजिए। 5

प्र.31 "सघन एवं सक्षम परिवहन का जाल स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास हेतू पूर्व अपेक्षित है।" कथन का विश्लेषण कीजिए। 5

# खण्ड ङ

## मानचित्र कार्य

प्र.32 A भारत के राजनीतिक मानचित्र में A और B दो बिन्दु अंकित किए गए हैं। इन बिन्दुओं को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खीचीं गयी रेखाओं पर लिखिए। 2

a. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने सूती मिल मजदूरों के लिए सत्याग्रह किया।
b. वह स्थान जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

प्र.32 B भारत के उसी राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और नाम लिखिए– 3

a) तारापुर नाभिकीय संयंत्र
b) टिहरी बाँध


evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

c) हैदराबाद सॉफटवेयर टेक्नोलॉजी पार्क
d) सेलम लौह एवं इस्पात संयंत्र
e) इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

निम्नलिखित प्रश्न प्रश्न संख्या 32 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है।(कोई पाँच करे)

a) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गाँधी ने सूती मिल मजदूरों के लिए सत्याग्रह किया?
b) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कांग्रेस ने 1927 में अधिवेशन आयोजित किया?
c) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ हुई घटना के बाद महात्मा गाँधी ने बीच में ही असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया?
d) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तारापुर नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित है।
e) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ टिहरी बाँध स्थापित है।
f) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हैदराबाद सॉफटवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित है।
g) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थापित है।

https://www.evidyarthi.in




evidyarthi
https://www.evidyarthi.in